卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 108 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦25 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## यूपी में भीषण हादसा 12 श्रद्धालुओं की मौत

शाहजहांपुर (उद संवाददाता)। थाना मदनापुर के गांव दमगड़ा से गंगा स्नान करने के लिए ढाई घाट जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ऑटो को ट्रक ने टक्कर मार दी। भीषण सड़क हादसे में करीब 12 लोगों की मौत की खबर है। हादसा बृहस्पतिवार



सुबह करीब 11 बजे अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर हुआ। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। बताया जा रहा है कि ऑटो में 12 लोग ही सवार थे। हादसे में चालक समेत सभी मौत हो गई है। हादसे के बाद डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा और जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। बताया जा रहा है कि कोहरे की वजह से हादसा हुआ है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## वृद्ध की धारदार हथियार से निर्मम हत्या

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरखाण्ड की सीमा पर स्थित निकटवर्ती ग्राम डिबडिबा की सेठी कालोनी में बुधवार रात अज्ञात बदमाशों



ने घर में सोए वृद्ध की धारदार हथियारों से हमला कर निर्मम हत्या कर दी। प्रात: मामले की जानकारी मिलने पर उत्तर



प्रदेश पुलिस के कई अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव कब्जे में लिया और परिजनों से आवश्यक जानकारी ली। घटनास्थल से फोरेंसिस टीम ने साक्ष्य एकत्रित किये। परिजनों द्वारा घटना के पीछे कुछ लोगों से जमीनी विवाद होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सीमा के ग्राम डिबडिबा की सेठी कालोनी निवासी करीब 70 वर्षीय मुसाफिर सहनी पुत्र जलधारी सहनी की पत्नी सुदयना देवी गत दिवस दवा लेने के लिए ग्राम भूरारानी निवासी रिश्तेदार के घर गई थी और रात में वहीं रूक गई। घर में मुसाफिर सहनी अकेले रात में खाना खाकर सो गये थे। प्रात: करीब 8 बजे उनका पोता शंकर पुत्र स्व. राजन वहां आया तो घर का दरवाजा खुला हुआ था।जब उसने दरवाजा खोलकर भीतर देखा तो उसके होश उड़ गये। कमरे में (शेष पृष्ठ सात पर)

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## व्यापार मण्डल चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने जोर-शोर से कराये नामांकन

### व्यापार मण्डल अध्यक्ष पद पर संजय जुनेजा का निर्विरोध निर्वाचन तय

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई के अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पदों के लिए होने वाले चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ अपने नामांकन पत्र मुख्य चुनाव अधिकारी सुरमुख सिंह विर्क व उनके सहयोगियों के समक्ष प्रस्तुत किये। करीब 11 वर्ष बाद हो रहे नगर इकाई के चुनाव में अध्यक्ष पद पर एकमात्र प्रत्याक्षी पूर्व अध्यक्ष संजय जुनेजा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि महामंत्री पद पर पूर्व महामंत्री हरीश अरोरा, मनोज छावड़ा ने तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए पवन गाबा पल्ली, बलविंदर सिंह बल्लू व संदीप राव ने अपने भारी समर्थकों के साथ नामांकन पत्र



दाखिल किये। इस दौरान नितिन बत्रा, पवन साहनी, बब्बन आनन्द, अमित बांगा, मिलाप कालड़ा, मोहन, रमेश ढींगरा, अभिमन्यु, राकेश मिगलानी, विजय फुटेला, निखिल कालड़ा, चिराग कालड़ा, राजकुमार सीकरी, अभख गाबा, सुमित गाबा, सन्नी गाबा, प्रांजल गाबा, किशन अरोरा, साहिल, अश्वनी बजाज, राहुल सिंह, अंकुश, मनीष गगनेजा, अजय पप्पल, मनोज, राजीव, नरेश ग्रोवर, लवी ग्रोवर, अमित नारंग, अजय अनेजा, शुभम छावड़ा, आशीष छावड़ा, राकेश कालड़ा, शिवम छावड़ा, सुनील चुघ, राहुल छावड़ा, श्रवण कालड़ा, सचिन छावड़ा, रमन नारंग, अंकित अरोरा, अनमोल खुराना, राजू छावड़ा, संजीव शर्मा, राजन चुघ, हैप्पी छावड़ा, वरूण मुजाल, सचिन मुजाल, सतीशर मुंजाल, गोल्डी छावड़ा, सोनी चावला, विक्की सिडाना, अंकुर गर्ग, हिमांशु गावा, संदीप चीमा, पुनीत आनंद, आशु अग्रवाल, गौरव तनेजा, प्रमोद शर्मा, पंकज बांगा, राजेन्द्र खुराना, मोहन खेड़ा, सोनू खुराना, पंकज सुखीजा, सन्नी अरोरा, गौरव गांधी, आकाश आहूजा, आकाश भुसरी, मंगत, मोनू गांधी, हरीश मेहंदीरत्ता, निशांत शाही समेत भारी संख्या में व्यापारी मौजूद थे। बुधवार को नामांकन खरीदे जाने के दिन ही अध्यक्ष पद पर मात्र एक पर्चा खरीदे जाने से अध्यक्ष (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तराखण्ड के छह पुलिस अफसरों को मिलेगा राष्ट्रपति पुलिस पदक

देहरादून (उद संवाददाता)।गणतंत्र दिवस पर उत्तराखंड के छह पुलिस अफसरों को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। एडीजी कानून व्यवस्था एपी अंशुमान, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, देहरादून पुलिस कप्तान अजय सिंह, पौड़ी एसएसपी श्वेता चौबे, इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह और हेड कनस्टेब लक्ष्मण सिंह का नाम इसमें शामिल है। बता दें कि उत्तराखंड के सीमांत जिले चमोली, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ के 35 सरपंच अपने पति व पत्नी के साथ 26 जनवरी को देश के 75वें गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे। इस खास मौके पर केंद्र सरकार ने सीमांत क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए चलाई जा रही वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत आने वाले गांवों के सरपंचों को कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड पर विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। उत्तराखंड के सीमांत जिलों के 23 उप सरपंचों को भी कर्तव्य पथ पर आमंत्रित किया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, महिला स्वयं सहायता समूह, किसान उत्पादन संगठन आदि योजनाओं के लाभार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है।

## उजाड़े जाने के खिलाफ ठेली व्यवसाईयों ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस प्रशासन द्वारा गांधी पार्क के पास से ठेली व्यवसाईयों को हटाने के विरोध में ठेला व्यापारी उत्थान समिति के महानगर अध्यक्ष सूरज कश्यप के नेतृत्व में ठेली व्यवसाईयों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सूरज कश्यप ने कहा कि जब तक ठेली व्यवसाईयों को रोजगार के लिए स्थाई जगह नहीं दी जाती तब तक उन्हें यहां से नहीं हटाया जाये। इससे उनके समक्ष परिवार का भरण पोषण करने में परेशानियां आ रही है। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने जैसे ही ठेली कारोबारियों को हटाना शुरू किया इसका विरोध शुरू कर दिया



गया। प्रदर्शन करने वालों में नन्हे कश्यप, महिपाल, रामप्रकाश , हिमांशु शर्मा, अर्जुन कोली, अनिलकोली, ओमकार कश्यप, राम सिंह, करन बिष्ट, रमेश, नरेश, सोनू, महेन्द्र, विनोद, रविन्द्र, प्रेम बिष्ट, देवकीदेवी, भागीरथी देवी, सत्य प्रकाश, राम सहारे, राकेश राठौर, अनिल,गुरजीत, चंदन , महेश, महेन्द्र कश्यप, रामगोपाल आदि सहित कई ठेली कारोबारी शामिल थे।

## मासूम बालक के साथ कुकर्म, वीडियो बनाई

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र में चार वर्ष के बालक के साथ दूसरे धर्म के चार लोगों द्वारा अश्लील हरकतें करने तथा परिजनों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चारों फरार आरोपियों को पकडने के लिए कवायद शुरू कर दी है। दर्ज रपट में परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके घर के सामने नई बस्ती, नवाबगंज, बरेली निवासी मुस्तकीम पुत्र रफीक की नाई (शेष पृष्ठ सात पर)

## राम मंदिर आंदोलन में भाग लेने वाले कार सेवकों को किया सम्मानित

रुद्रपुर।राम मंदिर आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लेने वाले कार सेवकों को भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण बहुत चुघ ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया ,और वर्तमान समय में जो इस दुनिया में नहीं रहे उनके परिजनों को सम्मानित कर सभी का आभार जताया ।श्री चुघ ने कहा कि कार सेवकों की बदोलत ही आज सैकड़ो वर्षों बाद यह सपना साकार हुआ है कि जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण को लेकर देश में एक अलख जागी थी जिसको तमाम कारसेवकों ने प्रज्वलित किया और अपने जीवन का उत्सर्ग किया ।ऐसे कई कार सेवक थे जिन्होंने कई दिनों



तक जेल भी काटी और पुलिस की अमानवीयता भी सहन की। लेकिन आज उन्हीं के हौसलों की बदौलत यह देश राम राज्य की और आगे बढ़ रहा है ऐसे में सभी को शत-शत नमन है ।बताया जाता है कि रमपुरा के भाजपा नेता राज कोली के पिताजी हिंदूवादी नेता स्वर्गीय बलवंत कोली के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने राम मंदिर आंदोलन में आवाज उठाई थी जिस पर पुलिस ने पांच मंदिर के समीप उन्हें गिरफ्तार कर लिया था और लगभग डेढ़ माह तक कई लोग हल्द्वानी, नैनीताल और बागेश्वर जेल में रहे थे ।जिनमें से कुछ लोग वर्तमान समय में जीवित हैं और कुछ कार सेवक स्वर्गवासी हो गए हैं । जिसमें स्वर्गीय घासीराम समेत वर्तमान समय में सुंदरलाल पंडित, रामकुमार पप्पू और भोले समेत कई कार सेवक शामिल थे। इस दौरान राज कोली, विपिन कोली, आशीष श्रीवास्तव ,ओम प्रकाश ,राम भगत ,नन्हे ,रामचंद्र ,कृष्ण कोली, दर्शन कोली ,राहुल, विशाल अभिषेक ,दीपक कोली, रंजीत कोली,सुनील कोली,रोहित कोली, शिवकरण ,ओम प्रकाश, राजेंद्र कोली ,पप्पू कोली, भोला कोली ,रामकुमार, सोरभ कोली, राहुल कोली पारस कोली ,नरेश कोली ,राजेश कोली, सतीश कोली समेत तमाम लोग मौजूद थे।

## चोरों ने घर से नगदी और जेवर समेत लाखों का माल उड़ाया

हल्द्वानी। परिजनों की गैर मौजूदगी में चोरों ने पूरा घर खंगाल लिया। चोर लाखों के जेवर व नगदी समेटकर ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। जानकारी के अनुसार रेखा देवी के पति अश्विनी का 10 दिसंबर को देहांत हो गया था। पति के अंतिम संस्कार के लिए रेखा पैतृक गांव मुजफ्फरनगर के खतौली गई हुई थी। वह 24 जनवरी को हल्द्वानी लौटी थी। यहां पहुंचने के बाद अपने घर न जाकर पास में ही स्थित अपने मायके चली गई। रात में रेखा अपने मायके में ही रूकी थी। सुबह रेखा की मां जब घूमने के लिए निकली तभी रेखा के घर का मुख्य दरवाजा खुला देखा। उसने भीतर जाकर देखा तो पूरा सामान बिखरा हुआ था। सूचना मिलते ही रेखा भी पहुंच गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद राजपुरा चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार भी मय पुलिस फोर्स के पहुंच गए। रेखा के अनुसार चोर घर में रखे लाखों के गहने और नगदी चुरा ले गए हैं। सूचना पर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई और सीसीटीवी फुटेज भी खगाले। पुलिस का कहना है कि मामले का जल्द खुलासा कर लिया जाएगा। इधर इस मामले में अभी पुलिस को तहरीर नहीं दी है।

# मेधावी बालिकाओं को स्मार्ट फोन देकर किया सम्मानित






देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में 'मेधावी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन' कार्यक्रम के तहत मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022 व 2023 की टॉपर 318 बालिकाओं को स्मार्ट फोन दिए। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग का 'परिवर्तन पोर्टल' लांच किया व बालिका निकेतन, देहरादून की बालिकाओं को चन्द्रयान की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सभी बेटियों को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश की सभी बेटियों की सुरक्षा के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। सीएम ने कहा कि हमारी बेटियां हमारी शान, मान और अभिमान हैं। महान वीरांगना तीलू रौतेली से लेकर प्रदेश की वीर नारियों की लंबी सूची है जिन्होंने हर चुनौती को छोटा साबित करते हुए समाज को जीवन जीने की राह दिखाई है। राज्य सरकार ने हाल ही में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30% आरक्षण देने का फैसला लिया है। पहले पहाड़ में बेटियों के जीवन का दूसरा नाम ही संघर्ष था, लेकिन अब दृश्य बदल रहा है और हमारे सीमांत गांवों की बेटियां भी अपने सपनों को साकार कर रही हैं। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने पुरस्कार प्राप्त करने वाली सभी बालिकाओं को शुभकामना दी। कार्यक्रम में सचिव श्री हरि चन्द्र सेमवाल, निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास श्री प्रशांत आर्य समेत बालिकाओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

# डीआईजी व एसएसपी ने भारामल मंदिर में पहुंचकर किया निरीक्षण

खटीमा(उद संवाददाता)। भारामल मंदिर के महंत श्रीहरिगिरि महाराज और सेवादार रूप सिंह बिष्ट की हत्या की जांच को लेकर बुधवार को डीआईजी योगेंद्र रावत और एसएसपी डॉ. मंजनाथ टीसी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। डीआईजी ने जांच में जुटी पुलिस टीमों की अब तक के कार्य की समीक्षा की। एसएसपी ने कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिलने और हत्याकांड का जल्द खुलासा करने का दावा किया। हमले में दो सेवादार नन्हे और जग्गू उर्फ जगदीश ने किसी तरह से अपनी जान बचाई।बुधवार दोपहर को डीआईजी योगेंद्र रावत व एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी अचानक खटीमा पहुंचे। इसके बाद भारामल मंदिर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। डीआईजी ने दानपत्र के स्थान और नन्हे व जग्गू के सोने की जगह को भी देखा।इसके बाद डीआईजी ने झनकईया थाने में समीक्षा करते हुए सभी टीमों से अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। दोहरे हत्याकांड के जल्द खुलासे का प्रयास किया जा रहा है। वहां पर एसपी सिटी रुद्रपुर मनोज कत्याल, एएसपी वीर सिंह आदि थे।



## सुबह शाम बढ़ रहा कोहरे का प्रकोप

देहरादून। उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में आज बृहस्पतिवार को भी कोहरा छाया रहा। सुबह-शाम के साथ ही रात को कोहरा छाने से गलन वाली ठंड पड़ रही है। जनवरी में अब तक ऊंचाई वाले इलाकों में एक-दो दिन छोड़ विंटर बारिश नहीं हुई। जिसके चलते मैदानी इलाकों में कोहरे का प्रकोप बढ़ गया है। कोहरे की वजह से मैदानी इलाकों में पहाड़ों के मुकाबले अधिक ठंड पड़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, 25 जनवरी के बाद कोहरे से राहत मिलने के आसार हैं। 28 जनवरी के बाद मौसम में बदलवा होने से बारिश की संभावना है।

## मंदिर में जाने के लिए नहीं प्रदर्शन करने के मूड में थे राहुल : महेंद्र भट्ट

हरिद्वार। राहुल गांधी को असम में मंदिर में जाने की अनुमति न दिए जाने और हंगामा होने पर उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने तीखा हमला किया।



उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वहां मंदिर में जाने के लिए नहीं बल्कि मंदिर के बाहर प्रदर्शन करने के मूड में गए थे। कहा कि आप अयोध्या जाने से मना करते हैं, लेकिन वहां पर बैरिकेडिंग तोड़कर माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। यह बात उन्होंने हरिद्वार में भाजपा के शक्तिवंदन कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि राहुल गांधी मंदिर जाना चाह रहे होंगे। जिस स्थान की अनुमति मिलती है उस स्थान पर जाना चाहिए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उत्तराखंड आगमन को लेकर महेंद्र भट्ट ने कहा कि पहली बार ऐसा हो रहा होगा कि प्रदेश का जो मुख्य विपक्षी दल है उसका कोई नेता आ रहा है। देखते हैं कांग्रेस को एकत्रित कर पाएंगे खड़गे या बैरंग लौटना पड़ेगा।

## उत्तराखंड में नए पेराई सत्र के लिए सरकार ने 20 रूपये बढ़ाया गन्ना मूल्य

देहरादून। प्रदेश सरकार ने पेराई सत्र 2024-25 के लिए गन्ना मूल्य में 20 रुपये की बढ़ोतरी की है। उत्तराखंड में गन्ने का मूल्य उत्तर प्रदेश से पांच रुपये अधिक है। अगेती प्रजाति के 375 रुपये और सामान्य प्रजाति के 365 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य तय किया गया। गन्ने का रेट बढ़ने से दो लाख से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा। पिछले साल प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य नहीं बढ़ाया था। इस बार किसान गन्ने का मूल्य बढ़ाने की मांग कर रहे थे। पेराई सत्र 2023-24 के लिए गन्ने का मूल्य 20 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया। गन्ने को चीनी मिल गेट पर पहुंचाने पर किसानों को अगेती प्रजाति के 375 और सामान्य प्रजाति के 365 प्रति क्विंटल भुगतान किया जाएगा। पिछले पेराई सत्र की भांति इस बार भी गन्ना विकास अंशदान (कमीशन) की दर 5.50 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया। इससे गन्ना विकास समिति के कार्मिकों के वेतन व अन्य देय भुगतान के लिए 1.36 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदेश सरकार की ओर से देने का निर्णय लिया गया। गन्ना एवं चीनी विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर प्रदेश में गन्ने का मूल्य 20 रुपये बढ़ाया गया। इसके बावजूद भी उत्तराखंड में गन्ने का मूल्य यूपी से पांच रुपये अधिक है। चालू पेराई सत्र में अब तक सहकारी व निजी चीनी मिलों के माध्यम से किसानों को गन्ने का 518 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। बाजपुर चीनी में 12.93 करोड़, नादेही में 30.85 करोड़, किच्छा में 35.94 करोड़, डोईवाला में 30.65 करोड़ का भुगतान अब तक किया गया।

## कोटद्वार में हॉकी कोच को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा

कोटद्वार। प्राइवेट हॉकी कोच से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते सरकारी कोच को कोटद्वार में विजिलेंस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी प्राइवेट कोच को जारी व्यय के धन में से रिश्वत की मांग कर रहा था। आरोपी को बृहस्पतिवार को स्पेशल विजिलेंस कोर्ट में पेश किया जाएगा। एसपी विजिलेंस धीरेंद्र कुमार गुंज्याल ने बताया कि पौड़ी निवासी एक व्यक्ति ने विजिलेंस को शिकायत की थी। व्यक्ति हॉकी का प्राइवेट कोच है। वह पौड़ी की 14 सदस्यीय अंडर 19 हॉकी टीम को प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने के लिए पिथौरागढ़ ले गए थे। वहां जाने और खिलाड़ियों के खाने पीने का खर्च प्राइवेट कोर्च ने ही वहन किया था। ऐसे में उन्होंने पौड़ी खेल विभाग में इसके भुगतान को प्रार्थनापत्र दिया। विभाग की ओर से नियमानुसार इसका 40 हजार रुपये भुगतान भी कर दिया। लेकिन, खेल विभाग में नियुक्त सरकारी हॉकी कोच महेश्वर सिंह नेगी इस रकम में से 17 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। न देने पर धमकी दे रहा है कि वह भविष्य में उन्हें टीम नहीं ले जाने देगा। इस शिकायत की जांच की गई तो आरोप सही पाए गए। इस पर विजिलेंस ने एक ट्रैप टीम तैयार की। शिकायकर्ता ने पहली किश्त 10 हजार रुपये देने को कहा। इस पर नेगी ने उन्हें शशिधर स्टेडियम कोटद्वार में बुलाया। विजिलेंस टीम ने बुधवार को खेल विभाग कोटद्वार के हॉकी के सरकारी कोच महेश्वर सिंह नेगी निवासी रतनपुर कुंभीचौड़, कोटद्वार को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी के घर पर भी विजिलेंस ने जांच शुरू कर दी है।

# जल्द से जल्द वीआईपी पर केस दर्ज करे सरकार : हरीश रावत

### पूर्व सीएम ने कहा : इंडिया गठबंधन पर कोई संकट नहीं, राहुल की 'जुड़ेगा भारत और जीतेगा इंडिया' यात्रा में असम सरकार डाल रही है बाधा




हरिद्वार(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में वीआईपी गेस्ट का नाम सामने लाने और कार्रवाई करने को लेकर कांग्रेस न्याय यात्रा निकालकर लगातार प्रदेश सरकार पर दबाव बना रही है। वहीं बुधवार को हरिद्वार पहुंचे पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अंकिता के माता-पिता ने पुलिस को वीआईपी का नाम लिखकर दे दिया है। अब सरकार अगर इस दोष से मुक्त होना चाहती है और अंकिता के लिए न्याय चाहती है तो जल्द से जल्द वीआईपी पर केस दर्ज करे। वीआईपी का नाम सामने लाए। हरीश रावत ने कहा कि सरकार को यह भी बताना चाहिए कि इतनी जल्दबाजी में क्यों बुलडोजर चलाया गया। गवाही के दौरान ये भी पता चला है कि बुलडोजर किसके कहने पर चलवाया गया था। लेकिन उसके बावजूद भी सरकार इसपर चुप है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन की शक्ति हैं। हमारे गठबंधन को कोई खतरा नहीं है। उधर राहुल गांधी और कांग्रेस के कई नेताओं पर असम में दर्ज हुए मुकदमों को हरीश रावत ने निंदनीय बताया। असम और केंद्र सरकार भारत जोड़ो न्याय यात्रा से घबरा गई है। हरीश रावत का कहना है कि ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। गठबंधन का नाम भी ममता बनर्जी और राहुल गांधी द्वारा ही सबके सामने रखा गया था। ममता बनर्जी हमारे गठबंधन की शक्ति है। इंडिया गठबंधन पर कोई संकट नहीं है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर ममता बनर्जी के बीच के बयानबाजी पर हरीश रावत ने कहा कि हमारा केंद्रीय नेतृत्व उनके संपर्क में है। हरीश रावत ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सरकार बाधा डाल रही है। असम सरकार ने तो इसकी इंतहा ही कर दी है। हमारे नेताओं पर हमला किया गया। राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोका गया। इससे साफ जाहिर होता है भारत जोड़ो न्याय यात्रा से असम और केंद्र की सरकार घबराई हुई है और ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रही है। यह लोकतंत्र के ऊपर प्रहार है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विपक्षी गठबंधन के चेयरमैन मल्लिकार्जुन खड़गे 28 जनवरी को उत्तराखंड दौरे पर रहेंगे। इसको लेकर हरीश रावत का कहना है कि परिवर्तन का आह्वान करने के लिए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उत्तराखंड आ रहे हैं। यहां वह कार्यकर्ताओं से वार्ता करेंगे। साथ ही प्रदेश और देश को एक संदेश देंगे। हरीश रावत का कहना है कि 'जुड़ेगा भारत और जीतेगा इंडिया' इस भावना से एकजुट होकर हमें शक्ति मिलेगी।

## कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी पांचों लोकसभा क्षेत्रों में कराएगी सर्वे

### प्रियंका को चुनाव लड़ाने की चर्चायें

देहरादून। उत्तराखंड में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों में कांग्रेस टिकट के लिए दावेदार रणनीति बनाने में जुट गए हैं। वहीं दूसरी तरफ हरिद्वार सीट से प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव लड़ाने को लेकर भी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। आगामी 26 जनवरी को पांचों लोकसभा सीटों में प्रत्याशियों को लेकर पार्टी की केंद्रीय स्क्रीनिंग कमेटी उत्तराखंड आएगी। हरिद्वार सीट से चुनावी रण में उतरने के लिए पूर्व सीएम हरीश रावत व पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत भी सक्रिय हैं। इसके अलावा पार्टी के अन्य नेता भी टिकट पर दावेदारी की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि अभी तक किसी भी नेता ने खुल कर चुनाव लड़ने का एलान नहीं किया है। लेकिन 26 जनवरी को केंद्रीय स्क्रीनिंग कमेटी के सामने दावेदार अलग-अलग सीटों से टिकट के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्क्रीनिंग कमेटी अपने स्तर पर लोकसभा क्षेत्रों में सर्वे कराएगी। चुनाव जीतने की क्षमता रखने वाले नेता को टिकट देने पर पार्टी हाईकमान फैसला लेगी। माना जा रहा है कि उत्तराखंड में कुमाऊं मंडल या फिर गढ़वाल मंडल की सीट से प्रियंका को टिकट देने पर पार्टी में किसी स्तर पर विरोध नहीं होगा। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव में काम करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक दिसंबर माह में कांग्रेस जिलाध्यक्षों की बैठक में कुछ पदाधिकारियों ने प्रियंका गांधी को हरिद्वार सीट से टिकट देने की बात रखी थी। अभी तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से इस संबंध में ऐसा कोई प्रस्ताव या विचार नहीं किया गया है। केंद्रीय स्क्रीनिंग कमेटी सभी लोकसभा क्षेत्रों में सर्वे करेगी। जिसके आधार पर पार्टी हाईकमान ही प्रत्याशी पर निर्णय लेगा। कांग्रेस के लिए आगामी लोकसभा चुनाव महत्वपूर्ण है। पार्टी किसी तरह का रिस्क लेने की स्थिति में नहीं है। इस समय देश को खतरा है। महिला और किसानों के साथ ही अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का उत्पीड़न हो रहा है। ऐसी स्थिति में भाजपा को रोकना है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

# अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें



देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि देश की प्रगति के लिए सुदृढ़ लोकतंत्र आवश्यक है और लोकतंत्र की सुदृढ़ता का आधार मतदाता है। मतदाता अपने विवेक के आधार पर निर्भीकता से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की सुदृढ़ता में अपना अमूल्य सक्रिय योगदान दें। राज्यपाल ने कहा कि मतदान करना, अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य भी है। मतदान करके लोग निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी भागीदारी करते है। मतदान से देश का लोकतंत्र और अधिक शक्ति सम्पन्न होता है। सभी जागरूक नागरिकों की यह भी नैतिक जिम्मेदारी है कि वे प्रत्येक वर्ष मतदाता सूची को सही और अपडेट रखने में निर्वाचन आयोग को अपना सहयोग दें। राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता तभी होगी जब सभी लोग मतदान करेंगे। देश की प्रगति के लिए सबको मिलकर वोट देना चाहिए। मतदान सभी का संवैधानिक अधिकार है। इसका उपयोग सभी लोगों को स्वेच्छा के साथ करना चाहिए। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अपील की है कि आने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें।

आवश्यकता है
फिल्ड सुपरवाईजर की
जो कई राज्यों में जा सके।
इण्टर/बीए तथा बाईक हो
-सम्पर्क करें-
7060916168
7906058904

# राजस्व वसूली के लिए डीएम ने दिये दिशा निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मासिक स्टाफ बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि किसी की भी लापरवाही के कारण राजस्व का घाटा न हो। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील स्तर पर आरसी का मिलान किया जाये तथा जिन आरसी की डिमाण्ड निर्धारित हो चुकी है, उनकी प्राथमिकता के आधार पर वसूली की जाये। उन्होंने सभी तहसीलदारों को मिसलीनियस मांग के सापेक्ष कलैक्शन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने आबकारी विभाग को राजस्व वसूली हेतु सभी पहलुओं पर रणनीति बनाते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने राज्य कर तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी राजस्व वसूली तथा वृद्धि हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कानून एवं शान्ति व्यवस्था की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि न्यायालयों में अभियोजन पक्ष द्वारा प्रभावी पैरवी की जाये और पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिले। उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत



आर्म्ड लाईसेंन्स जमा कराने तथा सत्यापन की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सम्मन समय से तामील हों तथा मुचलका आदि की कार्यवाही भी समय से पूर्ण की जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के बारह के जिन व्यक्तियों के सम्मन एवं वारण्ट, चालान गये हैं परन्तु मिल नहीं रहे हैं, उनकी लिस्ट तैयार करते हुए सम्बन्धित जनपदों के एसएसपी के साथ साझा की जाये। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को मजिस्ट्रीयल जांच प्राथमिकता से पूरी करने के निर्देश दिये।उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न हो, इसलिए निर्धारित पोर्टल पर सभी प्रविष्टियां एवं सूचनाएं अपलोड की जायें। उन्होंने गन्ना भुगतान की स्थिति के बारे में समय-समय पर सम्बन्धि चीनी मिल के जीएम एवं अधिशासी निदेशकों से भुगतान की जानकारी लेते रहने के निर्देश सभी उप जिलाधिकारियों को दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी नजूल एवं प्रशासन जय भारत सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, गौरव चटवाल, राकेश तिवारी, अभय प्रताप सिंह, कौस्तुभ मिश्रा, ओसी कलैक्ट्रेट डॉ.अमृता शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# पुरस्कार योजना के लिए उद्यमियों का किया चयन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय हथकरघा बुनकर, हस्तशिल्प एवं लघु उद्यमियों को पुरस्कार योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में उच्च गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने वाले उद्यमियों को पुरस्कार दिये जाने हेतु चयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हथकरघा बुनकर, हस्तशिल्प एवं लघु उद्यमियों का प्रथम व द्वितीय क्षेणी हेतु चयन किया गया।महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र विपिन कुमार ने बताया कि हथकरघा बुनकर में काशीपुर के फिरोज को दरी बुनकर में प्रथम, नसीम जहां को सिंगल बैडशीट में द्वितीय, हस्तशिल्प में रूद्रपुर के जगदीश प्रसाद को कुशन कवर, बैग तोरण



वॉल हेंगिंग आदि में प्रथम, खटीमा की शिक्षा देवी को मूंज घास के बने उत्पाद (ट्रे एवं भगवान गणेश की मूर्ति) में द्वितीय एवं लघु उद्यमी में जसपुर के मै0 माँ भगवती बायोप्लास्ट एवं कम्पोस्टेबल्स को कम्पोस्टेबल कैरी बैग्स, बायोमेडिकल्स कैरी बैग्स में प्रथम, मै0 एमआरआर फूड्स को ब्रेड, रस के उत्पादन में द्वितीय क्षेणी हेतु चयन किया गया। उन्होने बताया कि प्रथम क्षेणी प्राप्त करने वालो को रूपया छः हजार एवं द्वितीय क्षेत्री प्राप्त करने वालों को रूपया चार हजार दिया जायेगा।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय में आभा को मिली वाइस फेलोशिप

नैनीताल (उद संवाददाता)। रसायन विज्ञान विभाग की आभा को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वाइस फेलोशिप मिली है ।मंत्रालय वैज्ञानिक शुभम गोयल द्वारा पत्र जारी किया गया है। आभा द्वारा उक्त फेलोशिप में एसेंशियल ऑयल कंपोजिशन एंड एंटी ऑक्सीडेंट पोटेंशियल ऑफ जिंगीबर



ऑफिसिनेल रिस्काई एंड हेडीचियम स्पीकेटम बुक हेम अंडर डिफरेंट ड्राइंग कंडीशन शीर्षक पर शोध करेंगी। आभा वर्तमान में प्रो गीता तिवारी के निर्देशन में शोध कर रही है ।आभा ने सूरजमल कॉलेज से एमएससी रसायन किया है । आभा ने प्रेरणा के लिए कुलपति प्रो दीवान सिंह रावत का आभार व्यक्त किया है । वाइस फेलोशिप में 37000 प्रतिमाह तीन वर्ष हेतु तथा 3 लाख की शोध सहायता दी जाती है ।आभा की उपलब्धि पर संकायाध्यक्ष एवम विभागाध्यक्ष प्रो चित्रा पांडे ,प्रो पुष्पा जोशी , प्रो एनजी साहू डॉक्टर सोहैल जावेद ,डॉक्टर मनोज धुनी,डॉक्टर पैनी जोशी ,डॉक्टर महेश आर्य ,डॉक्टर गिरीश खरकवाल ,डॉक्टर दीपशिखा जोशी ,डॉक्टर अचल अनेजा,डॉक्टर आकांक्षा सहित निदेशक डीएसबी प्रो नीता बोरा , डीएसडब्ल्यू प्रो संजय पंत ,फ्कूटा अध्यक्ष प्रो ललित तिवारी एवम महासचिव डॉक्टर विजय कुमार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# उधमसिंहनगर के 4 खिलाड़ियों का अंडर 14 उत्तराखंड क्रिकेट टीम में चयन






रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड की अंडर 14 पुरुष वर्ग की क्रिकेट टीम की चयन की घोषणा हो गई। चयनित खिलाड़ियों में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। अंडर 14 क्रिकेट टीम में उधम सिंह नगर के चार खिलाडी में अभिमन्यु कांडपाल, नितीश पचोरी, हार्दिक अरोरा और मिहुल चौधरी शामिल है इनके चयन पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी और बताया कि यह चारों खिलाड़ी जिला उधम सिंह नगर के प्रतिभावान खिलाड़ी हैं अभिमन्यु कांडपाल जो रूद्र लायंस क्रिकेट अकादमी क्रिकेट के गुण सीखने हैं।नीतीश पचौरी जो जेसीज क्रिकेट अकादमी में क्रिकेट कोच सत्येंद्र मिश्रा से क्रिकेट सिखाते है। हार्दिक अरोड़ा जो रुद्रपुर के निवासी हैं हार्दिक एसीए क्रिकेट अकादमी देहरादून में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं मिहुल चौधरी एमेनिटी पब्लिक स्कूल के छात्र हैं और एमिनिटी स्पोर्ट्स अकैडमी रूद्रपुर में क्रिकेट में सिखाते हैं इन चारों खिलाड़ियों का चयन क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड की अंडर 14 क्रिकेट टीम में हुआ है जो सेंट्रल जोन की ट्रॉफी राज सिंह डूंगरपुर क्रिकेट प्रतियोगिता खेलने के लिए रायपुर छत्तीसगढ़ में जाएंगे। इस अवसर पर इंद्र नीलकर, बलवंत सिंह, मानिक अरोड़ा, सुभाष अरोड़ा,नूर आलम, राहुल पवार, गौरव तिवारी और आफताब आलम ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# धूमधाम से आयोजित हुआ फेयरबेल एवं फ्रेशर कार्यक्रम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज में फेयरबेल एवं फ्रेषर कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया । महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ0 अखिलेश सिंह ने मिस्टर एवं मिस फेयरबेल एवं मिस्टर एवं मिस फ्रेशर विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अपनी प्रतिभा दिखाई। फेयरबेल में छात्र गौरव प्रजापति को मिस्टर जीएनडीसी तथा छात्रा शिवानी को मिस जीएनडीसी चुना गया। फ्रेशर में छात्र अभय कुमार टम्टा को मिस्टर फ्रेशर तथा छात्रा मुस्कान खान को मिस फ्रेशर चुना गया। कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष डॉ0 रजनी छिमवॉल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन उदित के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 मीनाक्षी एवं मिस शीतल रहे। फेयरवेल एवं फ्रेषर के इस कार्यक्रम में बी0एड0 विभागाध्यक्ष डॉ0 नीरज कुमार जायसवाल, गौरव मिश्रा, संजय कुमार, डॉ0 परविन्दर कौर, डॉ0 नाजिया बानो, डॉ0 रूपाली सक्सेना, श्रीमती असमीत कौर सेठी, श्रीमती प्रिया गुप्ता, श्रीमती फरजीन बानो, रविकुमार, श्रीमती एकता, अखिलेष खरे, परमजीत सिंह, राधेश्याम, दुर्गेश कुमार, श्रीमती कल्पना, राजकुमार, परमानन्द एवं काफी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं से 28 जनवरी को देहरादून पहुंचने की अपील

गदरपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव होने में कुछ दिन बाकी है जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी ने भी कमर कसनी शुरू कर दी है मंगलवार को पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता प्रेमानंद महाजन ने कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता प्रशांत कुमार के आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की और 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भी मंथन किया। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 28 जनवरी को उत्तराखंड के देहरादून में पहुंचेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे पहली बार उत्तराखंड आ रहे हैं देहरादून में उनकी जनसभा प्रस्तावित है प्रेमानंद महाजन ने बताया कि गदरपुर विधानसभा से सैकड़ो लोग



देहरादून पहुंचेंगे और मल्लिका अर्जुन खड़गे को सुनेंगे उन्होंने सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से 28 जनवरी को देहरादून पहुंचने की अपील की है। इस दौरान बैठक में प्रेमानंद महाजन,राम विलास,अशोक ठुकराल,त्रिनाथ विश्वास,काशीनाथ गुप्ता,चंदन नयाल, किशोर सामंत,मनोज देवरादी,नारायण हालदार,प्रशांत सिंह, श्री मति चंद्रा सिंह, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बारिश नहीं होने से उपज में भारी कमी आने की संभावना

रुद्रपुर/पंतनगर। अलनीनो प्रभाव के चलते ठंड के मौसम में अक्तूबर से अब तक 126 दिनों में मात्र 8.4 मिमी. बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसका असर विभिन्न खाद्यान्न, दलहनी, तिलहनी और सब्जी की फसलों पर पड़ने की पूरी आशंका है। वैज्ञानिकों के अनुसार कम बारिश और सूखी ठंड फलोत्पादन के लिए लाभकारी साबित होती है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के फसल अनुसंधान केंद्र प्रभारी और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसके वर्मा ने बताया कि अलनीनो प्रभाव की वजह से इस बार ठंड के मौसम में बारिश 14 अक्तूबर को 7.4 मिमी और चार दिसंबर को एक मिमी हुई। याति कुल 8.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई, जो न के बराबर है। कम बारिश का फसलों के उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इतना ही नहीं इसके प्रभाव से ठंड खत्म होने के बाद एकाएक तापमान बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इससे मार्च-अप्रैल में पकने वाली फसलें अपरिपक्व अवस्था में ही पकने लगेंगी और उनके दाने अस्वस्थ और वजन कम रह जाएगा। इसका असर सीधे तौर पर उनकी उपज पर पड़ेगा और उपज में भारी कमी आने की संभावना बनेगी। जब उपज कम होगी, तो स्वाभाविक है उत्पाद भी महंगा होगा। इसका असिंचित और पर्वतीय क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा, जहां पर खेती वर्षा आधारित होती है। हालांकि सिंचित क्षेत्र में रबी फसलों के लिए कम बारिश और अधिक ठंड लाभदायक साबित होती रही है, लेकिन इस बार स्थितियां विपरीत हैं। कमोवेश यही स्थिति दलहन, तिलहन, फल और सब्जी फसलों की भी रहेगी।




# युवा व्यवसायी प्रवीन ठुकराल का निधन

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। युवा व्यवसायी एवं समाजसेवी प्रवीन ठुकराल का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक कल लहर दौड़ गयी।



तमाम सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। इंदिरा कालोनी गली नम्बर 2 निवासी समाजसेवी हरबंस ठुकराल के बड़े पुत्र एवं राजन ठुकराल के बड़े भाई 45 वर्षीय प्रवीन ठुकराल की बुधवार दोपहर को अचानक तबियत बिगड़ गयी। उनके सीने में तेज दर्द होने पर परिवारजन उन्हें अस्पताल ले गये जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उनके अचानक निधन से परिवार में कोहराम मच गया और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। दिवंगत प्रवीन ठुकराल ईट सप्लायर का काम करते थे। उनकी दो पुत्रियां और एक पुत्र है। आज गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। तमाम राजनैतिक और सामाजिक संगठनों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बालिकाओं के सम्मान में बेटी बचाओं एवं कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम स्लोगन के साथ गांधी पार्क से मुख्य बाजार में जनजागरूकता रैली निकाली गई जिसका शुभारम्भ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सचिन कुमार पाठक एवं डा. पीके सिन्हा प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक के साथ एएनएम दीपा जोशी द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में बी श्री नर्सिंग कालेज, सूरजमल नर्सिंग कालेज के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली में बेटा बेटी एक समान, कन्या भ्रूण हत्या अपराध है, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, बेटी नहीं बचाओंगे तो बहु कहाँ से लाओंगे इत्यादि स्लोगन के नारे लगाये गये। रैली उपरान्त गांधी पार्क में एकत्र होकर प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। श्रीमती सरोज सिंह ठाकुर, पीसीपी एनडीटी एनजीओ सदस्य द्वारा बेटीओं



को एक समान अधिकार दिये जाने की अपील की गयी। वक्ताओं द्वारा कहा गया कि वर्तमान में बेटा एवं बेटी में कोई अन्तर नहीं है, बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। सभी अविभावकों को दोनो को समान अवसर देने चाहिये। इस अवसर पर एनजीओ सदस्य श्रीमती हीरा जंगपागी, प्रदीप महर जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी द्वारा कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये गए। समाज में फैली इस कुरीति की रोकथाम हेतु आम जनमानस को जागरूक होने की अपील की गयी। कई विद्यार्थियों द्वारा भी इस अवसर पर अपने वक्तब्य प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. हरेन्द्र मलिक, डा. एसपी सिंह, अधिशासी सहायक पीसीपीएनडीटी गोपाल आर्या, [illegible] महिला आशा कार्यकत्रिया इत्यादि लोग मौजूद थे।

# मेहंदी में सलोनी,पेंटिंग में शालिनी रहीं प्रथम

गदरपुर( उद संवाददाता)।बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ बीना भंडारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बालिकाओंद्वारा मेहंदी प्रतियोगिता एवं चार्ट प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया,मेहंदी प्रतियोगिता में सलोनी प्रथम, अल्जीमा द्वितीय एवं सानवी जुनेजा तृतीय, पेंटिंग प्रतियोगिता में शालिनी प्रथम,हर्षिता द्वितीय एवं तासु तृतीय स्थान पर रही। जिन्हें बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर सुपरवाइजर राजकुमारी, दीपा उप्रेती,नीमा बिष्ट ,शफीकन खान के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ती आसमां,गीता सक्सेना,आनंदी




देवी, लक्ष्मी, मुक्ता भगत, रेखा, सावित्री,अनीता,षष्टी देवी ,भारती,सरोज अरोरा,प्रेमलता, सुमन मदान,सुमन मिड्डा,रमा,शाहिदा, शहनाज,विमला तिवारी,मोनिका, संगीता ,सुनीता कोचर,ललिता सहित खुशी, चंचल , साधना, मनीषा, अर्चिता, अंजली, साक्षी, हीनाक्षी,सलोनी आदि मौजूद रहीं।


# नगर आयुक्त को बताई स्ट्रीट लाइट की समस्या

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। वार्ड 58 ,वार्ड 59 ,वार्ड 60 में स्ट्रीट लाइट नहीं लगने के कारण यहां के नागरिकों को अत्यंत परेशानी उठानी पड़ रही है। अंधेरे की वजह से कोई अप्रिय वारदात ना घट जाए। इन वार्ड के नागरिकों को यह भय बना रहता है। इसी संदर्भ में वार्ड 59 के निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू वार्ड 60 के निवर्तमान पार्षद मनोज मठपाल तथा वार्ड 58 के निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी ने स्ट्रीट



लाइटों के संबंध में नगर आयुक्त को ज्ञापन सोपा और उनसे मांग की कि जल्द से जल्द वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगा दी जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि शीघ्र अति शीघ्र इन वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगा दी जाएगी।





# निगम कार्यालय के सामने वैंडिंग जोन चिन्हित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा के हस्तक्षेप के पश्चात सक्रिय हुए निगम प्रशासन ने लघु व्यापारियों की रेहड़ी व ठेली लगवाने के लिए वेंडिंग जोन चयनित करने का कार्य शुरू कर दिया है। मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल ने लघु व्यापारी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गुलशन नारंग व महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा सहित अन्य लघु व्यापारियों के साथ नगर निगम के सामने नगर निगम की रिक्त भूमि का निरीक्षण किया और सबकी सहमति से यह स्थान चिन्हित कर शीघ्र ही भूमि का समतली व मिट्टी भरान कार्य शुरू करना का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि गाँधी पार्क एवं अम्बेडकर पार्क के समीप खान पान की ठेलो तथा फड स्वामी काफी वर्षों से कार्य कर अपना एवं अपने परिवार वालो का भरण पोषण करते आ रहे हैं। गत दिनों राष्ट्रीय सरल मेला लगने एवं प्रदेश के मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी



के आगमन को लेकर प्रशासन ने व्यवस्था बनाते हुए ठेली फड हटाकर गाँधी पार्क के सामने अम्बेडकर पार्क एवं धीर पार्क में अस्थाई व्यवस्था कर रोजी रोटी कमाने का स्थान निर्धारित किया गया था। परंतु अम्बडेकर समिति और धीर पार्क के सामने के दुकानदार इसका निरंतर विरोध कर रहे थे। ठेली बालो को यहाँ से हटाया जाये। जिसके चलते लघु व्यापार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गुलशन नारंग व महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा काफी गम्भीर थे। उन्होंने विद्यापक शिव अरोरा को इस सम्बन्ध में अवगत कराया। ठेली बालो की समस्याओं को देखते हुए वह लघु व्यापारियो के बीच आकर उनका दुख जाना और तुरन्त ही नगर निगम के नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल से वार्ता कर तुरंत समाधान करने को लिए आदेशित किया। जिसको लेकर नगर आयुक्त ने लघु व्यापार एसोसिएशन के पदाधिकारियो एवं अन्य ठेली वालो की सहमति से नगर निगम के सामने चिन्हित बैन्डिंग जोन वाली जगह पर व्यवस्थित करने या निर्णय लिया। उन्होंने शीघ्र उस जगह की साफ सफाई एवं मिट्टी भरान का कार्य प्रारम्भ करने के आदेश अपने अधिनस्थों को दिए। लघु व्यापार एसोसिएशन काफी वर्षों से वेंडिंग जोन की माँग करता आ रहा था। व्यापारियों ने विधायक शिव अरोरा एवं नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल का आभार व्यक्त किया। श्री शर्मा ने बताया कि नगर निगम के सामने चयनित वेंडिंग जोन में गांधी पार्क के आस पास के खान पान व्यवसाय से जुड़े लघु व्यापारियों के व्यवस्थित किया जा रहा है। शीघ्र ही गल्ला मंडी, इंद्रा कालोनी, ट्रांजिट कैंप, गंगापुर रोड़ आदि क्षेत्रों में भी वेंडिंग जोन के लिए स्थानों को अंतिम रूप देकर सैकड़ों लघु व्यापारियों को स्थान उपलब्ध करा दिया जायेंगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष गुलशन नारंग, महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, सुभाष रस्तोगी, सुभाष गुप्ता, प्रहलाद सिह, आकाश पाल, मदन अरोरा, सुरज कश्यप, राजू आजाद, नन्हे सागर, विरेंद्र सिंह, राजपाल सागर, महेश राठौर, सोनू रस्तोगी, हिमांश शर्मा, गौतम रस्तोगी, राकेश राठौर, करन बिष्ट, दीपक कश्यप आदि लघु व्यापारी उपस्थित थे।

# प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में सभागार विकास भवन में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत विभित्र प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर और जिला स्तर में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त 150 बालिकाओं को पदक व प्रशास्तिपत्र एवं कप देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम अधिकारी व्योमा जैन और निर्मला बिष्ट महाप्रबंधक प्रशासन मंडी समिति एवं श्रीमती आशा नेगी बाल विकास अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी व्योमा जैन ने कहा की छात्राओं को आत्म आत्मनिर्भर होने के





साथ-साथ अपने अधिकारों और कानूनी व्यवस्था के प्रति जागरूक होना आवश्यक है हमें। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को अपने आप को आत्मनिर्भर बनते हुए अपने साथ और अपने आसपास भी आत्मनिर्भरता की जागरूकता फैलानी चाहिए। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती बबीता मौर्या के द्वारा किया गया। श्रीमती निर्मला बिष्ट द्वारा बालिकाओं को जागरूक रहते हुए स्वयं को सुरक्षित रखने हेतु हेल्पलाइन 112 तथा 1098 की भी जानकारी दी गई तथा सफल होने हेतु माता पिता के महत्व को भी समझाया गया। सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग भी कराई गई। 45 ड्राप आउट बालिकाओं हेतु ब्यूटी पार्लर कोर्स का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कराटे एवं जूडो की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रानू शर्मा,प्रिया विश्वास आदि उपस्थित थे।

# समाजसेवी एवं व्यवसायी वेद प्रकाश अनेजा का निधन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के प्रमुख समाजसेवी तथा व्यवसायी वेदप्रकाश अनेजा पुत्र स्वर्गीय मोहनलाल का बीती रात निधन हो गया। अस्सी वर्षीय वेदप्रकाश अनेजा कुछ समय से बीमार चल रहे थे उन्होंने ओमैक्स कालोनी स्थित अपने आवास पर अन्तिम सांस ली। स्वर्गीय वेदप्रकाश अनेजा के निधन पर जिला बार एसोसिएशन ऊधमसिंह नगर के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चन्द्र छाबड़ा व्यापार मंडल सरपरस्त जगदीश छाबड़ा तथा समाजसेवी विजय भूषण गर्ग तथा गुरुचरण सिंह पपनेजा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को अत्यंत ही अपूर्णीय क्षति बताया है । ओमैक्स सोसायटी अध्यक्ष आनंदसिंह नेगी सचिव अभिनव छाबड़ा, उपाध्यक्ष राकेश चौहान, कोषाध्यक्ष गुरविंद्रसिंह ने श्री अनेजा के निधन को ओमैक्स कालोनी के लिए भी गहरी क्षति बताया है ।पूर्व पार्षद ललित मिगलानी, सोनू अनेजा, सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा , राजकुमार फुटेला, वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल घई अशोक मिड्ढा, इन्द्रसेन खेड़ा अशोक भसीन, डालचंद चहल, एडवोकेट बरीत सिंह , राजेश पुंशी, हरविंद्र सिंह हरजी, जसविंद्र सिंह खरबंदा, उपेंद्र चौधरी, विनोद कुमार भुसारी, सतीश सडाना, व्यापारी नेता अशोक छाबड़ा ,राजेन्द्र सिडाना तथा मनीष छाबड़ा ने स्वर्गीय वेदप्रकाश अनेजा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# विपक्षी गठबंधन में बिखराव

देश में राजनीतिक दलों के गठबंधनों का बनना और बिखरना कोई नई बात नहीं है। विडंबना यह है कि महज चुनाव की चुनौतियों का सामना करने के मकसद से इस तरह के साथ कई बार तात्कालिक नफा-नुकसान के गठजोड़ साबित होते हैं। कुछ समय पहले जब कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों को साथ मिला कर 'इंडिया' नाम से एक समूह का गठन किया गया था, तब लगा था कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को आगामी आम चुनावों में खासी चुनौती मिल सकती है। मगर उससे पहले ही नए बने विपक्षी गठबंधन में कुछ दलों की ओर से जिस तरह की जद्दोजहद, चुनावी सीटों की संख्या को लेकर खींचतान देखने में आ रही है, उससे यही लगता है कि इस समूह में सिद्धांत के आधार पर साथ आने की सहमति शायद नहीं बन पाई है, बल्कि इसमें शामिल कुछ दलों पर फिलहाल अपनी सीटें बढ़ा कर राजनीतिक शक्ति बढ़ाने की मंशा हावी है। गठबंधन में शामिल कुछ दलों के बीच स्पष्ट मतभेद और दूरी के संकेत तब सामने आए, जब बुधवार को तृणमूल कांग्रेस की शीर्ष नेता ममता बनर्जी ने बंगाल में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी तो दूसरी ओर पंजाब में आम आदमी पार्टी ने भी यही राग दोहराया। दरअसल, राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के बंगाल में आयोजित किए जाने के बारे में शिष्टाचार के नाते भी सूचित नहीं करने से लेकर कांग्रेस की ओर से अपने कई प्रस्ताव ठुकरा दिए जाने के दावे के साथ ममता बनर्जी ने एक तरह से अपनी नाराजगी छिपाई नहीं। उन्होंने सख्त भाषा में यहां तक कह डाला कि मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि देश में क्या किया जाएगा? बंगाल में तृणमूल कांग्रेस एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और वह अकेले ही भाजपा को हरा देगी। जाहिर है, यह नए बने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए एक तरह से झटका है, क्योंकि देश की राजनीति में ममता बनर्जी का अपना एक प्रभाव रहा है और अब वे विपक्ष की राजनीति के लिए एक महत्त्वपूर्ण कड़ी मानी जाती हैं। शायद यही वजह है कि उनके ताजा रुख और उससे जुड़ी आशंकाओं के सामने आते ही कांग्रेस सहित विपक्ष के कई अहम नेताओं की ओर से ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस को गठबंधन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए इस मसले का हल निकाल लेने की बात कही गई है। मगर इसके अलावा भी खबर आई कि गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री ने राज्य की सभी तेरह लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की बात कही है। सवाल है कि जब आम चुनावों के दिन करीब रहे हों और उसी मुताबिक विपक्ष को अपनी तैयारी करने की जरूरत है, वैसे में इस तरह की स्थितियां क्यों पैदा हो रही हैं, जिसमें गठबंधन के भविष्य को लेकर आशंकाएं पैदा हो रही हैं! देश के राजनीतिक परिदृश्य में जैसी चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, उसमें एक सशक्त विपक्ष लोकतंत्र को मजबूत करने में मददगार साबित हो सकता है। फिलहाल भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन अपने सामने कोई चुनौती नहीं मान रहा है। अगर विपक्षी दलों ने मिल कर उसका सामना करने के लिए कोई समूह बनाया है, तो उसकी प्राथमिकताएं क्या होनी चाहिए? पिछले कुछ समय से 'इंडिया' समूह में जैसी खींचतान देखी जा रही है, उससे यही लगता है कि इसमें शामिल सभी पार्टियों को सबसे पहले सैद्धांतिक कसौटी पर साथ होने को लेकर प्रतिबद्धता कायम रखनी होगी। मगर राजनीतिक दलों के गठबंधनों के भीतर पद और प्रतिष्ठा को लेकर जिस तरह की महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव देखा जाता रहा है, वह अभी से 'इंडिया' समूह में साफ दिखने लगा है।

# पीएम मोदी ने नव मतदाताओं से किया विकास के लिए वोट करने का आहवान

## नमो नव मतदाता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की बात





किच्छा/गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मतदाता दिवस अवसर पर आयोजित नमो नव मतदाता सम्मेलन पूरे देश में मनाया जा रहा है।भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तराखण्ड द्वारा भी प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाइव के माध्यम से नव मतदाताओं को संबोधित किया। किच्छा विधानसभा में भी नव मतदाता सम्मेलन भारतीय जनता युवा मोर्चा उतराखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह के कार्यालय पर आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों नव मतदाताओं ने सहभागिता की। लाइव के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार सुने। इस अवसर पर भारत जनता पार्टी के विधानसभा विस्तारक भुवन,भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश भाटिया,वरिष्ठ नेता सुरेंद्र चौधरी एवं धीरेन्द्र प्रताप सिंह,युवा मोर्चा जिला मंत्री विशाल चौहान, युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष पराग अग्रवाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य हेमंत पाठक,विजेंद्र जोशी,नवीन सिंह टाकूली, हेमंत दानू ,शशांक सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रबल चौहान, अंशुमान श्रीवास्तव, मयंक सिंह टाकूली, ललित सिंह कोरंगा, चंदन बिषट, ऋतेश कोरंगा, ऋतिक गंगवार ,अरुण सिंह ,ताराचंद ,दिव्यांश गंगवार,रोहित कुमार ,सुमित बंसल ,भीम सिंह ,राम चंदर कोहली ,निषांत शर्मा ,सिद्धार्थ सिंह ,भानू रघुवंशी ,दानिश खघन ,विवेक सिंह, भानु प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित थे। **गदरपुर**- नमो नवमतदाता सम्मेलन यहां भी आयोजित किया गया। यहां आयोजित कार्यक्रम में एक हजार से अधिाक नव मतदाताओं ने सभागिता करते हुए पीएम मोदी की बात सुनी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाइव सम्बोधन में युवाओं से कहा कि वे अपना पहला वोट देश के विकास के लिए करें।पीएम मोदी ने युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपका एक वोट भारत में तेज रिफॉर्म की गति को और तेजी देगा। पीएम ने कहा कि एक वोट डिजिटल क्रांति को और ऊर्जा देगा। भारत को अपने दम पर अंतरिक्ष में पहुंचाएगा और इसी के साथ दुनिया में भारत की साख और बढ़ाएगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि स्थिर सरकार होती है तो देश बड़े फैसले लेता है। दशकों से लटकी हुई समस्याओं को सुलझाकर आगे बढ़ता है। पीएम ने कहा कि हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाकर दशकों का इंतजार खत्म किया और आगे भी ऐसे फैसले होते रहेंगे। पीएम ने कहा कि हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार ने सेना के जवानों के लिए वन रैंक, वन पेंशन लागू कर देश के पूर्व फौजियों का चार दशक का इंतजार समाप्त किया। पीएम मोदी ने आगे कहा कि युवा वोटर्स का सामर्थ्य और बढ़े और आपका हर सपना पूरा हो, इसके लिए हमारी सरकार दिन-रात काम कर रही है। उन्होंने इसी के साथ कहा कि ये मोदी की गारंटी है और आपके सपने ही मेरे संकल्प हैं। इस दौरान विधायक अरविंद पाण्डे ने भी युवा मतदाताओं को सम्बोधित करते हुए राष्ट्र की सेवा के लिए तत्पर रहने और देश की प्रगति के लिए भाजपा को वोट करने का आहवान किया। युवा मोर्चा अध्यक्ष मुनि भुसरी ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, खिमानंद जोशी, पुलकित सेठी, मयंक शर्मा, अभिषेक वर्मा, सुभाष गुंबर, अशोक हुड़िया, अनिल जेटली, राकेश भुड्डी, अतुल पाण्डे, परमजीत सिंह,वकुल अरोरा, प्रियांशु गुप्ता, आदित्य छाबड़ा, विक्रम सरकार, स्नेहिल कालरा, अनादि रंजन, सुरजीत सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# आत्म बोध का अनुभव

जब मनुष्य में 'साक्षी' भाव आता है, तो वह अपने आपको देखता है। जब आत्म ज्ञान जागता है, जब यह पता चलता है कि 'मैं' कौन हूं तो यों अनुभव होता है कि जब यह जगत मुझ से सम्बद्ध होने के बावजूद भी, मैं इससे असम्बद्ध हूं, जुड़ा हुआ नहीं हूं... न कोई बंधन है, न मोक्ष ही... मैं इन सब बंधनों से मुक्त हो गया हूं... ऐसा गुरुकृपा से प्राप्त आत्मज्ञान के बाद ही अनुभव होता है।



आत्मज्ञान अथार्त अपने आपका ज्ञान, यह ज्ञान कि मैं देह नहीं हूंमैं चैतन्यस्वरूप आत्मा हूं... मैं ज्योति स्वरूप भगवान का ही रूप हूं... और 'मैं' भगवान को नहीं, अपने आपको नमस्कार कर रहा हूं।लेकिन ऐसा केवल एक से जुड़ कर हो सकता है। एक से जुड़ने पर ही आत्मज्ञान की प्राप्ति हो सकती है संसार रूपी अंधकार को मिटाने के लिए, ज्ञान रूपी एक ही दीया काफी होता है। चाहे छोटा ही क्यों न हो, किन्तु एक बीज से ही विशाल बरगद जन्म लेता है। वर्षा की बूंदें चाहे छोटी हों, लेकिन बाढ़ का कारण भी तो यही बूंदें बनती हैं...अथार्त छोटा सा ज्ञानरुपी चिराग यदि मन के भीतर जग जाए, तो दुनिया बहुत छोटी लगने लगती है, इतनी छोटी कि मुट्ठी में आ जाए। तब भाव उत्पन्न होता है- अगर संसार का कोई अस्तित्व है,तो संसार तुम्हारा अपना है, आज संसार क्षण भंगुर लगता है, तो यहां इस चेतन स्वरुप आत्मा के सिवा कुछ भी नहीं ।संसार है ही क्षण भंगुर... जीवन है ही क्षण भंगुर, किसे पता है, कब किस स्थान पर मिट जाए, किस मोड़ पर इसकी शाम हो जाए...आत्मा को तत्वत: एक और अविनाशी जानकर ही, ऐसा भाव पैदा होता है। कहा जाता है- सम्राट नामि किसी संक्रमण रोग से पीड़ित हो गए। बहुत उपचार करने के बाद भी जब ठीक नहीं हुए तो किसी वैध ध ने कहा कि यदि सम्राट को उनकी रानियां स्वयं चन्दन घिस कर उनके शरीर पर लेप करें, तो सम्राट ठीक हो सकते हैं स वैध की सलाह पर रानियां चंदन घिसने लगीं। चंदन घिसते समय उनके हाथों में पहने हुए कंगनों की आवाज से कमरा झनझना उठा। चंदन घिसती जाती और उनके कंगनों की खनखनाहट की आवाज भी प्रबल होती जाती.... यह आवाज सम्राट के कानों में भी पड़ी। उसमें एकदम चेतनता आई। कह उठा, यह आवाज कैसी? इसे बंद करो। राजाओं का पालन हुआ... कंगनों की खनखनाहट की आवाजें बंद हुईं। रानियां सम्राट के पास आईं... राजा ने पूछा, क्या चंदन तुम घिस रही थीं? रानियां ने कहा, हाँ, महाराज। लेकिन कुछ देर पहले कंगनों की आवाज आ रही थी और मेरे कहने पर तुमने चंदन घिसना बंद कर दिया था। फिर तुमने चंदन तो घिसा, लेकिन कंगनों की आवाज फिर क्यों कहीं आई? क्या तुमने चंदन घिसना बंद कर दिया था? राजा ने पूछा। रानियों ने कहा, नहीं महाराज, जब हम चंदन घिस रही थीं तो हम सभी ने अनेकों कंगन पहन रखे थे। लेकिन जब आप ने कंगनों की आवाज बंद करने को कहा था, तो हम सभी ने एक-एक भाग्य सूचक कंगन पहन कर, बाकी सभी उतार दिए थे। तब हमने एक ख्रएक कंगन पहन कर ही शेष बचा कंगन घिसा था। इसीलिए आपको चंदन घिसने के समय पर कंगनों की आवाज सुनाई नहीं दी थी...ओह, सम्राट को आत्म बोध हुआ। अनेक से असुविधा, एक से सुख.... अनेक से कोलाहल, एक से शान्ति अथार्त एक ही सूत्र हैं, एक को ही पकड़ना चाहिए, अनेक को नहीं.... सम्राट के ज्ञान चक्षु खुले..... सुख एक से है, अनेक से नहीं, एक ही पार उतार सकता है, अनेक नहीं... जब एक की उंगली पकड़ ली जाये तो वह गिरने नहीं देता... फिर अनकों पर टेक क्यों रखी जाए? राजा रोग शैया से उठा मुकुट उतारा एक तरफ रखा और आत्म साधना के लिए निकल पड़ा। कहता गया.. संसार का एक ही प्राणदाता है, एक को ही धारण करें, एक की ही शरण पकड़ें, एक ही सब कुछ है, दूसरा कुछ नहीं...एक ही आधार है इस सृष्टी का है, एक ही मुक्तिदाता है। एक को पकड़ने से ही यह ज्ञान मिलता है- तू केवल देह है- देह का ही विनाश होता है। शरीर के पर्यायों का ही विनाश होता है। आदमी मकान से बंधा है, धन से बंधा है, सारा जीवन इन्हें जुटाने के लिए लगा देता है, ये न हों तो रोने लगता है, ये न मिलें तो दुखी होता है, लेकिन जरा सोचें.... जब इन्हें जुटाने वाला यह शरीर नहीं होता, जब इन्सान मर जाता है तो क्या ये वस्तुएं रोती हैं, बिलखती हैं, उसके लिए जिसने इन्हें जुटाने के लिए जीवन गंवाया? क्या उन्होंने कभी कोई आंसू बहाया है? अथार्त सुख वस्तुओं में नहीं, सुख तो इनके त्याग में है, आदमी ही आदमी के लिए रोता है, ये वस्तुएं कभी नहीं रोती।

**प्रस्तुति- नरेश कुमार सेठ**

# 'कर्पूरी ठाकुर' बने जननायक

भारतीय राजनीति में ऐसे-ऐसे लोग हुए हैं, जो आज भी जनता के लिए मिसाल हैं। इन्हीं में से एक थे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर जिन्हें मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। कर्पूरी ठाकुर एक ऐसे नेता थे जो बाइक में बैठकर भी अपने कई काम निपटा आते थे। इसी बाइक में बैठकर एक बार वो विदेशी पत्रकारों से मिलने भी गए। उन्हें लोग जननायक के रुप में याद करते हैं। जिस जननायक ने आज से 35 साल पहले अलविदा कह दिया था उन्हें अब भारत सरकार भारत रत्न देने जा रही है। कर्पूरी ठाकुर का जन्म बिहार के समस्तीपुर जिले के पितौझिया गांव में हुआ था। पटना से 1940 में उन्होंने मैट्रिक परीक्षा पास की और स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे। कर्पूरी ठाकुर ने आचार्य नरेंद्र देव के साथ चलना पसंद किया। इसके बाद उन्होनें समाजवाद का रास्ता चुना और 1942 मेंगांधी के असहयोग आंदलोन मेंहिस्सा लिया। इसके चलते उन्हें जेल में भी रहना पड़ा। साल 1945 में जेल से बाहर आने के बाद कर्पूरी ठाकुर धीरे-धीरे समाजवादी आंदोलन का चेहरा बन गए। जिसका मकसद अंग्रेजों से आजादी के साथ- साथ समाज के भीतर पनपे जातीय व सामाजिक भेदभाव को दूर करने का था ताकि दलित, पिछड़े और वंचित को भी एक सम्मान की जिंदगी जीने का हक मिल सके। एक ऐसा समय भी आया था जब आपातकाल में इंदिरा गांधी उन्हें गिरफ्तार करना चाहती थी लेकिन कामयाब नहीं हो सकी। कर्पूरी ठाकुर ने सन् 1952 में पहली बार विधानसभा का चुनाव जीता और महज 28 साल की उम्र में विधायक बनें। बिहार की सत्ता में 1970 से 1979 के बीच उन्हें वे दो बार सीएम बनें। 22 दिसंबर 1970 में वो पहली बार सीएम बने तब उनकी सरकार 163 दिन चलीं। 1977 में जनता पार्टी की जीत के बाद वे फिर सीएम बने पर तब भी दो साल से कम समय तक उनका



कार्यकाल रहा। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रहे। इसके बावजूद घर, गाड़ी और जमीन उनके पास कुछ भी नहीं था। राजनीति की इसी ईमानदारी ने उन्हें जननायक बनाया। वो राजनीति में परिवार वाद के काफी विरोधी थे। जब तक वो जीवित थे उनका परिवार का कोई भी सदस्य राजनीति में नहीं आया। 17 फरवरी 1988 को उन्होंने संसार को अलविदा कह दिया, तब उनकी उम्र सिर्फ 64 साल थी। केंद्र सरकार ने बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने का फैसला किया है। राष्ट्रपति भवन से बयान जारी कर ये जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि भारत सरकार को बताते हुए गर्व हो रहा है कि देश का सर्वोच्च नागिरक सम्मान दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को दिया जा रहा है। कर्पूरी ठाकुर एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होनें अपना जीवन साधारण रहकर लोगों की सेवा में बिताया। दो बार वो बिहार के सीएम बनें और इस दौरान उनके लिए कई फैसले मिसाल बनें। मीडिया रिपोर्ट में मिली जानकारी के मुताबिक जब कर्पूरी ठाकुर सीएम थे तो सुबह साढ़े सात बजे से लोगों की समस्याएं सुनने बैठ जाते थे। उनके सामने रखी टेबल भी टूटी होती थी लेकिन उसका उन पर कोई असर नहीं पड़ता था। उनका ध्यान लोगों की समस्याएं सुन उसके समाधान में रहता था। वह बिहार के कोने-कोने से आए लोगों की बातें बड़े ध्यान से सुनते थे। वे समस्याएं सुनतें और अफसरों को निस्तारण के लिए आदेश देते थे। कर्पूरी ठाकुर का एक किस्सा काफी मशहूर है। बिहार राज्य पिछड़ा आयोग के एक पूर्व सदस्य रहे निहोरा प्रसाद ने उन्हें एक बार सुबह छह बजे बुलाया। अगले दिन तय समय पर वह सीएम आवास पहुंचे तो कर्पूरी ठाकुर ने कहा कि चलिए। तब तक सीएम की गाड़ी नहीं आई थी। इसलिए वह निहोरा प्रसाद की मोटरसाइकिल पर ही सवार हो गए। इस दौरान उनका पैर भी छिल गया। मोटरसाइकिल पर बैठकर उन्होनें निरोहा प्रसाद से बेली रोड चलने को कहा। अब रास्तें में जो भी बाइक पर सीएम को जाते देखता, वही ठिठक जाता। कुछ प्रणाम-नमस्कार करते तो कुछ अचंभे में खड़े रह जाते। **वो फैसले जो मिसाल बने :** पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिया। पढ़ाई में अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म किया।मैट्रिक तक पढ़ाई को मुफ्त किया। बिहार में उर्दू को दूसरी राजकीय भाषा का दर्जा दिया। अगड़ों को भी 3 प्रतिशत का दर्जा दिया।गैर लाभकारी जमीन पर मालगुजारी टैक्स को बंद किया। मुख्यमंत्री बनते ही उन्होनें फोर्थक्लास वर्कर पर लिफ्ट का यूज करने पर रोक हटाई। आर्थिक रूप से कमजोर सवर्णों और महिलाओं लिए आरक्षण का दिया।

# बालिका दिवस पर साहसी बेटियों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड बाल संरक्षण आयोग द्वारा राजभवन में 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने बहादुर बेटियों कु. आराधना एवं कु. नाजिया को उनकी बहादुरी के लिए सम्मानित किया। पौड़ी गढ़वाल के विकासखंड खिर्सु की 10 वर्षीय बालिका, आराधना द्वारा 2023 में बहादुरी का परिचय देते हुए गुलदार से अपने 07 वर्षीय भाई की जान बचाई थी। 2023 में ही देहरादून के विकासखंड सहसपुर की 10 वर्षीय बालिका नाजिया ने गुलदार के हमले से अपने 03 भाईयों की जान बचाई थी। राज्यपाल ने दोनों बच्चियों को प्रशस्ती पत्र दिया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके साथ ही राज्यपाल ने बाल संरक्षण आयोग द्वारा बनाए गए बाल विधायकों कु. भूमिका रौथाण, कु. दीक्षा खर्कवाल, कु. अगमसिफत कौर, कु. काजल कश्यप, कु. सुमेधा उपाध्याय को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया। बाल कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयासों के लिए भी उन्होंने श्रीमती गीतिका शर्मा, प्रज्ञा भारद्वाज, राजेन्द्र प्रसाद, गुरप्रीत सिंह एवं श्रीमती मंजू शर्मा को भी सम्मानित किया। 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में जिस तेजी से स्थिति बदल रही है, उसमें कहा जा सकता है कि आने वाले समय में बदलाव की क्रांति का नेतृत्व हमारी महिलाओं एवं बेटियों द्वारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज निरंतर हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिकाएं निभा रही हैं। फाइटर प्लेन हो या स्पेस हो या फिर देश की सीमाओं की रक्षा हो, हमारी बेटियां किसी से कम नहीं हैं। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं छोटे-छोटे उद्योग चलाकर समाज में बड़ा बदलाव ला रही हैं।उन्होंने कहा कि जब भी प्रदेश में किसी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में डिग्री या अवॉर्ड दिए जाते हैं तो लड़कों की तुलना में बेटियों की संख्या अधिक होती है जो एक सुखद बदलाव है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने और बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए चल रहे प्रयासों को और मजबूत करने का एक अवसर है। यह बेटियों की उपलब्धियों का जश्न मनाने का दिन है। राज्यपाल ने कहा कि आज के दिन का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना और बालिका शिक्षा, उनके स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। राज्यपाल ने कहा कि हम सभी बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करें और उन्हें अपनी अदभूत प्रतिभा निखारने के अवसर मुहैया करवाएं। उन्होंने कहा कि बेटियां हमेशा अपनी सोच और अपना लक्ष्य ऊंचा रखें और अपने आत्ममूल्य को पहचानें। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि बेटियों को स्कूल ड्रॉप आउट को कम करने और उन्हें मानव तस्करी जैसे अपराधों से बचाना हम सभी के लिए चुनौती के रूप में है। इस अवसर पर आयोग द्वारा तैयार कराई गई फिल्म 'छूने चली है आसमान' को प्रदर्शित किया गया जिसे सभी लोगों ने सराहा। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने अपने संबोधन में बाल अधिकार संरक्षण आयोग के क्रियाकलापों और गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आयोग द्वारा नशा प्रवृत्ति, बाल अधिकारों, बाल विवाह, अवैधानिक रूप से संचालित कोचिंग इंस्ट्यूटिस, शासन स्तर पर किड्स स्कूलों हेतु नियमावली तैयार किये जाने पर आयोग स्तर से की गई कार्यवाही से अवगत कराया गया। बालक-बालिकाओं में विधानसभा की कार्यप्रणाली को समझने व उससे जागरुकता हेतु आयोग स्तर से आयोजित बाल विधानसभा-2022 से भी अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में आयोग के सचिव प्रदीप सिंह रावत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, आयोग के सदस्य विनोद कपरवाण, दीपक गुलाटी, अजय वर्मा, श्रीमती रेखा रौतेला, विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के साथ-साथ राज्यमंत्री स्तर के दायित्वधारी श्री कैलाश पंत, श्री मूरतराम नौटियाल, श्री विश्वास रावत, श्री राजू बिंद्रा, श्री शादाब शम्स, श्री मुकेश कुमार, श्री विनय रोहिला आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## शहर में किया मिष्ठान वितरित

खटीमा (उद संवाददाता)।अयोध्या में बने राम मंदिर के उद्घाटन से उत्साहित राम भक्तों ने पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी रामू भैया के नेतृत्व में पूरे शहर में मिष्ठान वितरण किया। रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि उनकी इच्छा थी कि 5100 लड्डू का प्रसाद स्वयं बनवाकर पूरे क्षेत्र में वितरित करेंगे। उन्होंने पूरे क्षेत्र में खुद अपने हाथों से दुकान दुकान घर-घर जाकर श्री राम जी के मंदिर निर्माण से उत्साहित होकर लड्डुओं का प्रसाद वितरण किया। प्रसाद वितरण करने वालों में उनके साथ




भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज, भवानी भंडारी, सतीश गोयल, संतोष अग्रवाल, दीपक तिवारी, करण यादव, विश्वनाथ यादव, स्वाती मिश्रा, राजीव बंसल, राघव यादव, सुनील रैदानी, मनोज शर्मा, शुभम पटवा, अर्पित कॉलोनी, डंपी गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, बाबूराम अरोड़ा, हरीश बत्रा, मनोज पंत, विजय अरोड़ा, प्रियांशु बंसल, अशोक दास, नीरज शर्मा, राहुल वाल्मीकि, नवल वाल्मीकि, ललित जोशी, सचिन रस्तोगी, भानु प्रताप रस्तोगी, राहुल सक्सेना, ललित बिष्ट, शुभम वाल्मीकि, हैप्पी सिंह, मनोज शाही, जितेंद्र ठाकुर, जगजीत मल्ली ,ध्यान पाल सिंह, लक्ष्मण प्रजापति, सुरेश पवार आदि राम भक्त उपस्थित थे।

## पुलिसकर्मियों को दिलाई शपथ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।मतदाता दिवस के अवसर पर एसएसपी ने निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से सपन्न कराने की पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई गई। एस एस पी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस बहुउद्देशीय भवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। सभी पुलिस कर्मियों को लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने एवम् स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय,



भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना जनपद में निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान हरबंस सिंह, एसपी सिटी, नितिन लोहनी सीओ ऑपरेशन तथा शाखा प्रभारी मौजूद रहे। एसएसपी के आदेशानुसार जनपद के समस्त थाना/ चौकी/पुलिस कार्यालय नैनीताल/अग्निशमन के प्रभारियों द्वारा भी अपनेख्रअपने थानों तथा कार्यालयों में नियुक्त अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। साथ ही स्थानीय लोगों को अपना मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर पुलिस अलर्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा सभी अधीनस्थ अधिकारियों थाना प्रभारीयो एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के होटल, ढाबा रेस्टोरेंटों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन तथा जनपद बॉर्डर में प्रभावी चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है। हरबंस सिंह,



एसपी सिटी के नेतृत्व में श्रीमती संगीता, सीओ लालकुआं तथा थाना पुलिस और बीडीएस, डॉग स्क्वायड समेत शहर के रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, सार्वजनिक स्थलों में चेकिंग की गई। इस दौरान संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई तथा जनता से संदिग्ध गतिविधि की सूचना स्थानीय पुलिस और 112 को देने की अपील की गई।

## चौकी इंचार्ज को दी भावभीनी विदाई

गूलरभोज(उद संवाददाता)। पुलिस चौकी इंचार्ज राकेश कठायत का स्थानांतरण पंतनगर होने पर उन्हें व्यापारियों ने भावभीनी विदाई देते हुए सम्मानित किया। इस दौरान चौकी इंचार्ज के कार्यकाल की सराहना की गयी। इस अवसर



पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, तरुण दुबे, रामकिशन दहूजा, अमित कुमार गुप्ता, भूपेंद्र आर्य, रमेश सागर, राकेश दहूजा,सुनील सागर, संजीव गुप्ता, टोनी कुमार, रामकिशन दहूजा, सचिन कुमार आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**वृद्ध की धारदार हथियार..**उसके दादा मुसाफिर फर्श पर खून से लथपथ पड़े हुए थे। कमरे का सामान भी इधर उधर बिखरा हुआ था। उसने घटना की जानकारी तुरंत अपने परिजनों के साथ ही ग्राम प्रधान को दी। सूचना मिलते ही वहां कई लागे आ पहुंचे। ग्राम प्रधान ने मामले की जानकारी पुलिस को दी । सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस के कई अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर आ पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली। सूचना मिलने पर फोरेंसिस टीम ने भी वहां आकर कमरे का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाये। बताया जाता है कि मृतक मुसाफिर के सिर एवं गर्दन पर चोट के गहरे निशान हैं। इधर परिजनों का आरोप है कि उनके पिता का जमीन को लेकर कुछ लोगों से पिछले काफी समय से विवाद चला आ रहा है और वह कई बार जान से मारने की धमकियां भी दे चुके हैं। कमरे का बिखरा सामान देखकर सम्भावना जताई जा रही है कि मुसाफिर ने मौत से पहले खुद को बचाने का पूरा प्रयास किया है। वहीं पुलिस का कहना है कि घटना की कई बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। मृतक मुसाफिर के दो पुत्रो में एक राजन की पूर्व में मौत हो चुकी है जबकि दूसरे पुत्र धर्मेन्द्र तथा दो पुत्रियों रीता व चम्पा का विवाह हो चुका है। मुसाफिर अपनी पत्नी सुदयना देवी के साथ सेठी कालोनी में रहते थे। कुछ समय पूर्व ही उन्होंने अपनी झोपड़ी को पक्के मकान का रूप दिया था।

**व्यापार मंडल चुनाव के लिए...**पद पर मौजूदा अध्यक्ष संजय जुनेजा का पुनः अध्यक्ष बनना तय हो चुका है। व्यापार मंडल चुनाव अधिकारियों द्वारा अब केवल उनके नाम का ऐलान करना ही बाकी है। जबकि महामंत्री पद हेतु हरीश अरोरा और मनोज छाबड़ा तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु पवन गाबा, बलविंदर सिंह बल्लू और संदीप राव द्वारा नामांकन पत्र खरीदा गया था। व्यापार मंडल नगर इकाई का चुनाव आगामी 4 फरवरी को जनता इंटर कालेज में होना है। जिसके लिए मुख्य चुनाव अधिकारी सुरमुख सिंह विर्क की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया चल रही है। 27 जनवरी को सिटी क्लब में शाम तीन बजे तक नाम वापसी और वैध नामांकन पत्रों की घोषणा की जायेगी। जिसके पश्चात चार फरवरी को सुबह नौ से शाम चार बजे तक जनता इंटर कालेज में मतदान होगा। इसी दिन शाम शाम को मतगणना और परिणाम की घोषणा कर दी जायेगी।

**मासूम बालक के ..**की दुकान है। जहां सगीर पुत्र शकील, अमन व अरमान पुत्र जुल्फिकार भी काम करते हैं। आरोप है गत सायं करीब 7 बजे 4 वर्षीय पुत्र रोता हुआ घर आया। उसने बताया कि नाई की दुकान में काम करने वाले चारों लोगों ने उसे जबरन पकड़ लिया और उसके गुप्तांग में उंगली डालकर वीडियो बनाई। उसे मारा भी। आरोप है जब इसका विरोध करने दुकान पर गये तो उक्त चारों ने परिजनों से भी मारपीट की और मौके से भाग गये। पुलिस ने चारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पीड़ित का मेडिकल करवाया।पुलिस फरार आरोपियों को पकड़ने में जुट गई है।

## राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 28 जनवरी को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के द्वारा सीनीयर पुरुष वर्ग की अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता 28 जनवरी से उधम सिंह नगर में आयोजित होगी।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की जिला इकाई क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर को पूल ए की अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता करने की जिम्मेदारी दी गई है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया है कि उधम सिंह नगर जिले को ग्रुप ए की 10 मैचों के आयोजन करने के लिए की जिम्मेदारी सीएयू द्वारा दी गई है जिसमें प्रदेश के 5 जिलों की टीम प्रतिभा कर रही है। इसमें मेजबान टीम उधम सिंह नगर ए, नैनीताल बी अल्मोड़ा ,उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग शामिल है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम वरूण कुमार गोयल (VARUN KUMAR GOYAL) था अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके वरूण गोयल (VARUN GOYAL) रख लिया है। अब से हर मौके पर, हर विवरण में मेरे नये नाम वरूण गोयल (VARUN GOYAL) से ही सम्बोधित किया जाए।

-वरूण गोयल पुत्र श्री त्रिलोक चन्द्र गोयल निवासी-वार्ड नं-4, बोरिंग वाली गली, सितारगंज जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पहले मेरा नाम सुमित कुमार छाबड़ा (SUMIT KUMAR CHHABRA) था अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके सुमित छाबड़ा (SUMIT CHHABRA) रख लिया है। अब से हर मौके पर, हर विवरण में मेरे नए नाम सुमित छाबड़ा (SUMIT CHHABRA) से ही सम्बोधित किया जाए।

-सुमित छाबड़ा पुत्र श्री जगदीश कुमार निवासी इन्द्रा कॉलोनी, गली नं0-01, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## बैंक के आगे खड़ी बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने गत दिवस गाबा चौक पर स्थित एक बैंक के आगे खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। प्रशान्त सौभरी पुत्र मदन लाल निवासी चदू पुरा, चांदपुर, बरेली, का कहना है कि 24 जनवरी की दोपहर 2 बजे उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 25 सी एफ 2963 को एचडीएफसी बैक गाबा चौक के सामने खड़ी की और बैंक में अपने निजी कार्य हेतु बैंक के अंदर चला गया। उसने बताया कि थोड़ी देर बाद जब वह बैंक से वापिस आया तो देखा कि उसकी उक्त मोटर साईकिल गायब थी। काफी तलाश करने पर भी बाईक का कोई पता नही चल सका।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


Holy Child School
25th year in Pursuit of Excellence
NH-87, Rudrapur-Delhi Road, Near Degree College, Rudrapur
MOM & KIDS FASHION SHOW
( AGE GROUP - 3 TO 6 YEARS )
4th February 2024 (Sunday) 11:00 AM to 2:00 PM
FREE ENTRY
COME AND ENJOY THE DAY WITH YOUR FAMILY
SINGING COMPETITION (AGE GROUP - 8 TO 12 YEARS)
SOLO DANCE COMPETITION (AGE GROUP - 5 TO 11 YEARS)
POEM RECITATION COMPETITION (AGE GROUP - 3 TO 6 YEARS)
COLOURING & PAINTING COMPETITION (AGE GROUP - 6 TO 10YEARS)
EXCITING LUCKY DRAW & GRAND PRIZE TO BE GIVEN
SCAN TO REGISTER FOR MOM & KIDS FASHION SHOW & TALENT SHOW
Exciting Outdoor Sports & Recreational Game
"Sumptuous Snacks, yummy scrummy chat and many more."
FOOD COURT
SCAN HERE!
50% OF THE ADMISSION FEE WILL BE WAIVED TO THE PARTICIPANTS OF CARNIVAL AT THE TIME OF ADMISSION